2566
20/09/2024

झारखण्ड सरकार

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

## संकल्प

**विषयः– राँची में अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिये 520 (पांच सौ बीस) शय्या के एक छात्रावास एवं अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिये 528 (पांच सौ अट्ठाईस) शय्या के एक छात्रावास के निर्माण की स्वीकृति के संबंध में।**

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र–छात्राओं के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के द्वारा छात्रावास संचालित हैं। इन छात्रावासों में संबंधित कोटि के छात्र/छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के क्रम में निःशुल्क आवासन प्रदान किया जाता है।

1. राज्य में अनुसूचित जनजाति के छात्र–छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के दौरान निःशुल्क आवासन की उपलब्धता में वृद्धि की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

2. उक्त के क्रम में राज्य मुख्यालय, राँची में आदिवासी हॉस्टल, करमटोली में अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिये 520 (पांच सौ बीस) शय्या के एक छात्रावास एवं वुमेन्स कॉलेज (साईंस ब्लॉक) में अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिये 528 (पांच सौ अट्ठाईस) शय्या के एक छात्रावास के निर्माण का प्रस्ताव है।

3. आदिवासी हॉस्टल, करमटोली, राँची में अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिये 520 (पांच सौ बीस) शय्या के एक छात्रावास का निर्माण झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लि०, रांची के पत्रांक–भ.नि.नि.यो.क.06/2024–1587(नि), दिनांक–10.07.2024 एवं पत्रांक–भ.नि.नि.यो.क. 06/2024–1641(नि), दिनांक–16.07.2024 अन्तर्गत Detailed Project Report (DPR) पर किया जाना प्रस्तावित है। DPR में निर्माण कार्य के अवयव निम्नवत है :–

| क्र०सं० | अवयव के नाम | राशि (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | Boy's Hostel (G+6) | 17,31,54,577.00 |
| 2 | Fire Fighting System & Fire Alarm System | 1,39,44,811.93 |
| 3 | External Electrical Works | 20,95,034.00 |
| 4 | Deep Boring – 3 Nos. | 11,23,788.00 |
| 5 | Recharge Pit – 3 Nos. | 6,16,398.00 |
| 6 | Septic Tank – 150 Users (3 Nos.) | 6,58,338.00 |
| 7 | Water Tank – 1 Nos. (1 lakh ltr. capacity) | 7,61,099.00 |
| 8 | PCC Road with Chequered Terrazo Tiles | 21,75,961.09 |
| 9 | Lift – 8 Passengers – 2 Nos. | 43,30,000.00 |
| 10 | Ground Development Work | 2,85,997.07 |
| 11 | Furniture Work | 82,43,667.00 |
| 12 | Dismantling Work | 5,67,512.00 |
| | Total (A) | 20,79,57,182.09 |
| | Add 18% GST on (A) | 3,74,32,292.78 |
| | Total (B) | 24,53,89,474.87 |
| | Add 1% Labour Cess of (B) | 24,53,894.75 |
| | Add Operational Grant | 1,45,57,002.75 |
| | Total | 26,24,00,372.36 |
| | Say Rs. | 26,24,00,400.00 |

4. वुमेन्स कॉलेज (साईंस ब्लॉक), करमटोली, राँची में अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिये 528 (पांच सौ अट्ठाईस) शय्या के एक छात्रावास का निर्माण झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लि०, रांची के पत्रांक–भ.नि.नि.यो.क.06/2024–1586(नि), दिनांक–10.07.2024 अन्तर्गत Detailed Project Report (DPR) पर किया जाना प्रस्तावित है। उक्त DPR में निर्माण कार्य के अवयव निम्नवत है :–

| क्र०सं० | अवयव के नाम | राशि (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | Girls's Hostel (G+7) | 14,46,20,079.00 |
| 2 | Fire Fighting System & Fire Alarm System | 1,27,34,222.82 |
| 3 | External Electrical Works | 24,51,048.96 |
| 4 | Deep Boring – 3 Nos. | 11,23,788.00 |
| 5 | Recharge Pit – 3 Nos. | 6,16,398.00 |
| 6 | Septic Tank – 150 Users (3 Nos.) | 6,58,338.00 |
| 7 | Water Tank – 1 Nos. (1 lakh ltr. capacity) | 7,61,099.00 |
| 8 | PCC Road with Chequered Terrazo Tiles | 32,72,228.79 |
| 9 | Lift – 8 Passengers – 2 Nos. | 43,30,000.00 |
| 10 | Furniture Work | 84,33,314.00 |
| | Total (A) | 17,90,00,516.57 |
| | Add 18% GST on (A) | 3,22,20,092.98 |
| | Total (B) | 21,12,20,609.55 |
| | Add 1% Labour Cess of (B) | 21,12,206.10 |
| | Add Operational Grant | 1,25,30,036.16 |
| | Total | 22,58,62,851.81 |
| | Say Rs. | 22,58,62,900.00 |

5. उक्त छात्रावासों के Detailed Project Report (DPR) पर महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, राँची द्वारा तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गयी है।

6. निर्माण योजना पर राशि का व्यय आय व्ययक में राज्य योजना के मांग संख्या–51–अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण प्रभाग)–मुख्य शीर्ष–4225–अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों तथा अल्पसंख्यकों के कल्याण पर पूंजीगत परिव्यय–उप मुख्य शीर्ष–02–अनुसूचित जनजातियों का कल्याण–लघु शीर्ष–796–जनजातीय क्षेत्र उपयोजना–उप शीर्ष–49–अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रावास का निर्माण–विस्तृत शीर्ष–05–निर्माण–45–निर्माण कार्य, विपत्र कोड–51-S-4225-02-796-49-00-05-45 के अन्तर्गत विकलनीय होगा।

7. इस पर मंत्रिपरिषद् की दिनांक 06.09.2024 को संपन्न बैठक में मद सं०–01 के रूप में स्वीकृति प्राप्त है।

(कृपा नन्द झा)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांकः–05/छात्रावास (निर्माण)–02/2024–क– 2566 राँची, दिनांकः– 20/09/2024

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(कृपा नन्द झा)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक–05/छात्रावास (निर्माण)–02/2024–क– 2566 रॉंची, दिनांक 20/09/2024

प्रतिलिपिः– माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड के अपर मुख्य सचिव/माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(कृपा नन्द झा)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक–05/छात्रावास (निर्माण)–02/2024–क– 2566 रॉंची, दिनांक 20/09/2024

प्रतिलिपिः– उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय/सभी अपर मुख्य सचिव/सभी प्रधान सचिव/सभी सचिव, झारखण्ड/आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल/आदिवासी कल्याण आयुक्त, झारखण्ड, राँची/उपायुक्त, राँची/प्रबन्ध निदेशक, झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, राँची/उप विकास आयुक्त, राँची/उप निदेशक, कल्याण, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल/परियोजना निदेशक, ITDA, राँची/जिला कल्याण पदाधिकारी, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(कृपा नन्द झा)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक–05/छात्रावास (निर्माण)–02/2024–क– 2566 राँची, दिनांक 20/09/2024

प्रतिलिपिः– अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, डोरण्डा, राँची/विभागीय नोडल पदाधिकारी, ई–गज़ेट को इसे झारखण्ड गजट के अगले असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के अनुरोध के साथ प्रेषित।

(कृपा नन्द झा)
सरकार के सचिव।